**Transport policy**

2981. SHRI V. NARAYANASAMY; Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state;

(a) whether Government propose to vconsidsr the transport policy to improve the operational efficiency and to meet the competitiveness;

(b) if so, what were the recommendations made by J. R. D. Tata Committee and what were the recommendations accepted Government: and

(c) by when the new transport policy is likely to be announced?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) to (c) The information is being collected and will he iaid on the Table of the House.

**भारतीय रेल के "रनिंग स्टाफ" के लिए बोडिंग व्यवस्था**

2982. श्री भंवर लाल पंवार : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय रेल के "रनिंग स्टाफ" के लिए गन्तव्य-स्थानों (डेस्टीनेशन प्वाइंट) पर बोडिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई है ;

(ख) क्या बोडिंग व्यवस्था के अतिरिक्त लोजिंग सुविधा में सहयोग देने के लिये भोजन बनाने हेतु विभागीय कर्मचारियों को तैनात किया जाता है; और

(ग) क्या यह सुविधा सरकार तथा "रनिंग स्टाफ" के हित में है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी हां । उपयुक्त कर्मीदल बदली स्थलों पर रनिंग रूमों की व्यवस्था की गयी है ।

(ख) और (ग) जी हां । यह एक परिचालनिक आवश्यकता है ।

**जोधपुर में वातानुकूलित सवारी डिब्बों का पूर्व प्रशीतन (प्री कूलिंग)**

2983. श्री भंवर लाल पंवार : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जोधपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर वातानुकूलित सवारी डिब्बों के पूर्व-प्रशीतन (प्री-कूलिंग) की कोई व्यवस्था है; और

(ख) क्या इस व्यवस्था का उपयोग किया गया है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जोधपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर वातानुकूल सवारी डिब्बों के पूर्व-शीतलन की व्यवस्था की गयी है।

(ख) पूर्व-शीतलन की व्यवस्था पहले ही उपयोग में लायी जा रही है।

**93 अप/94 डाउन गाड़ियों में वातानुकूलित सवारी डिब्बे**

2984. श्री भंवर लाल पंवार : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 91 अप/92 डाउन और 93 अप/94 डाउन गाडियों में वातानुकूलित सवारी डिब्बों की पूर्ण व्यवस्था है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में पूर्ण व्यवस्था कब तक कर दी जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) 91/92 बीकानेर मेल और 93/94 जोधपुर मेल दोनों गाडियों में एक-एक वातानुकूलित 2-टियर शयनयान चलता है ।

(ख) जोधपुर मेल में एक पहला दर्जा वातानुकूलित एवं 2-टायर वातानु-